सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२६-२०२७

कक्षा:-तीन   विषय: हिंदी व्याकरण   पाठ:हमारी भाषा

परिभाषा -- विचारों को प्रकट करने के लिए जिस साधन का प्रयोग किया जाता है, वह साधन भाषा कहलाता है ।

भाषा के दो रूप होते हैं :-

क)मौखिक भाषा

ख)लिखित भाषा

भारत देश के अलग-अलग राज्यों में अलग-अलग भाषाएँ बोली जाती है । भारत की राजभाषा हिंदी है ।हिंदी भाषा की लिपि देवनागरी है ।
14 सितंबर हिंदी दिवस के रूप में मनाया जाता है ।

राज्य	भाषा
1) महाराष्ट्र	मराठी
2) पंजाब	पंजाबी
3) गुजरात	गुजराती
4) कर्नाटक	कन्नड़

5) तमिलनाडु तमिल

लिपि

हर भाषा में वर्णो को लिखने का ढंग अलग-अलग होता है । हम लिखने के लिए कुछ संकेतों या चिन्हों का प्रयोग करते हैं । इन चिन्हों को उस भाषा की लिपि कहा जाता है ।

भाषा	लिपि
1) हिंदी	देवनागरी
2) संस्कृत	देवनागरी
3) पंजाबी	गुरुमुखी
4) अंग्रेज़ी	रोमन
5) उर्दू	फ़ारसी

व्याकरण - वह साधन जो हमें भाषा को शुद्ध रूप में पढ़ना ,बोलना व लिखना सीखाता है ।